न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री समदरसिंह भाटी, आर.ए.एस

क्रमांक रीडर/2023/7522 दिनांक – 27/12/23

प्रार्थीगण	बनाम	अप्रार्थीगण
1 खेताराम पुत्र मेहराराम 2 रम्भा पत्नी मेहराराम जाति जाट निवासी अणदे का तला, जाखड़ों की ढाणी तहसील व जिला बाड़मेर।		1 चुतराराम पुत्र बनाराम 2 जेतीदेवी पत्नी ठाकराराम 3 हडुमानराम 4 जोगाराम 5 लिछुराम पिसरान ठाकराराम 6 नारणाराम पुत्र जयरामाराम 7 मोहबाई पत्नी अमरसिंह 8 वेरीसालसिंह 9 अर्जुनसिंह 10 मूलसिंह 11 नरपतसिंह 12 गणपतसिंह पिसरान अमरसिंह जाति राजपूत निवासी अणदे का तला, जाखड़ों की ढाणी तहसील व जिला बाड़मेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, करने नेखमबन्दी बाबत
राजस्व आवेदन संख्या :– 416/2023 दिनांक– 27/10/23

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण **मौजा अणदे का तला पटवार हल्का जाखड़ों की ढाणी तहसील व जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 700/568 रकबा 2.3795 हैक्टेयर, खसरा संख्या 756/656 रकबा 2.0477 हैक्टेयर व खसरा संख्या 860/568 रकबा 0.0486 हैक्टेयर कुल रकबा 4.4758 हैक्टेयर भूमि** के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थीगण द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(हस्ताक्षर)
(समदरसिंह भाटी)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

क्रमांक :– रीडर/2023/7523-26 दिनांक– 27/12/23
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी जाखड़ों की ढाणी तहसील बाड़मेर को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. खेताराम पुत्र मेहराराम वगैराह जाति जाट निवासी अणदे का तला, जाखड़ों की ढाणी तहसील व जिला बाड़मेर।
4. विप्रार्थी चुतराराम पुत्र बनाराम वगैराह जाति जाट निवासी अणदे का तला, जाखड़ों की ढाणी तहसील व जिला बाड़मेर।

(हस्ताक्षर)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर